दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 29 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

पटना, गया, नालंदा, वैशाली, बक्सर, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। कई जगहों पर ओलावृष्टि की भी खबर है। पटना और आस–पास के इलाकों में आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़–पौधे और बिजली के खम्भे उखड़ गये हैं, जिससे आवागमन और बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित हुई है। खेतों में लगी फसलों के साथ–साथ आम और लीची की फसल को भी व्यापक नुकसान हुआ है। बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी। पटना में दो, औरंगाबाद और गयाजी में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है। इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की सम्भावना है।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से हुई फसलों की क्षति के सर्वे का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संबंध में कृषि और आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिये गये हैं, ताकि प्रभावित किसानों को समुचित राहत दी जा सके।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को भागलपुर के तिलकपुर गांव में स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इससे पहले श्री चौधरी ने कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात की। इस दौरान राज्य में कृषि क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

———————————————————

म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग कल एक दिवसीय दौरे पर बोधगया आ रहे हैं। वे विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर और बकरौर स्थित ऐतिहासिक सुजाता मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। साथ ही उनका म्यांमार के विभिन्न बौद्ध मठों के दौरे का भी कार्यक्रम है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर बोधगया में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———————————————————

भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने कहा है कि विक्रमशिला सेतु पर सात जून से पहले वाहनों का परिचालन शुरू हो जायेगा। बेली ब्रिज निर्माण के निरीक्षण के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि तकनीकी ऑडिट के रिपोर्ट पर एक और बेली ब्रिज का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में सीमा सड़क संगठन और पुल निर्माण निगम के अधिकारी और कर्मी लगातार जुटे हुये हैं।

———————————————————————

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वितरण समारोह में शेखपुरा जिले की तीन पंचायतों केवटी, महसार और डीहकुसुंभा के मुखिया को सम्मानित किया जायेगा। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि तीन जून को भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में चयनित मुखिया में दीपक कुमार, साधु चौधरी और मथुरा यादव को सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————————

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज से तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा तथा उनके सिद्धांतों को जन–जन तक पहुंचाना है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जापान में आयोजित होने वाले पैरा एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई करने पर राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी शैलेश कुमार और हिमांशु यादव को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री चौधरी ने कहा कि यह पूरे राज्य के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है।

———————————————————————

रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में दो मोटरसाईकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————

सुपौल के भीमपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा से एक क्विंटल गांजा के साथ दो तस्कारों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे का मूल्य चालीस लाख रूपये बताया जा रहा है।

———————————————————————

किशनगंज जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मादक पदार्थ हेरोईन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।